एक नजर में

शिवगढ़ और पिपलौदा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई कर 11 सैंपल लिए...

रतलाम/बाजना। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग रतलाम की टीम द्वारा जिले के शिवगढ़ एवं पिपलौदा क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच हेतु सघन कार्रवाई की गई। शिवगढ़ में घर पर कुल्फी निर्माण कर विक्रय किए जाने की सूचना पर टीम ने ओम साईं मावा कुल्फी, रतलाम रोड शिवगढ़ का निरीक्षण किया। यहां से कुल्फी, चोकोबार कुल्फी एवं मिल्क पाउडर के कुल 3 नमूने जांच हेतु लिए गए। वहीं गंगा आइसक्रीम जूस सेंटर से लस्सी एवं आमरस के 2 नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थानों में साफ-सफाई नहीं पाई गई, जिस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किए गए। इसी क्रम में टीम ने पिपलौदा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ग्राम बोरखेड़ा स्थित कमलेश जाट की मावा भट्टी का निरीक्षण किया तथा मावे के 2 नमूने लिए। इसके अलावा प्रजापत किराना एवं दूध डेयरी से मिक्स्ड दूध, बेसन, चावल, घी और पोहा के नमूने लिए गए। ग्राम हतनारा स्थित राका किराना से पारस देसी घी एवं आटे के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। जांच के दौरान प्रजापत किराना एवं राका किराना दोनों ही फर्म बिना खाद्य लाइसेंस संचालित पाई गईं। उनके विरुद्ध बिना लाइसेंस संचालन के प्रकरण दर्ज किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा एवं प्रीति मंडोरिया द्वारा की गई।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत की गई लोगों की स्क्रीनिंग

रतलाम। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष सिंह ने बताया कि रतलाम जिले में प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य शिविर , शहर -शहर गांव -गांव अभियान का आयोजन 24 मार्च से 2 जुलाई तक किया जा रहा है। जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर अभिषेक अरोड़ा ने बताया कि अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में एक्स रे मशीन के माध्यम से मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। शुक्रवार को ग्राम मऊ, जमुनिया सरवड़, दंतोडिया, प्रीतम नगर , झरखेड़ी और बिलपांक टोल पर कुल 235 लोगों के एक्स रे किए गए, और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। डॉ अभिषेक अरोड़ा ने बताया कि 15 दिन से अधिक की खांसी, नियमित बुखार, वजन में लगातार कमी, भूख न लगना आदि टी बी के लक्षण हो सकते हैं, टी बी का पूरा उपचार कराना चाहिए , बीच में उपचार नहीं छोड़ना चाहिए । टी बी का पूरा और निशुल्क उपचार शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है, किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच करानी चाहिए। शिविर के दौरान पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर जय सिंह सिसोदिया, एस टी एस विजय निनामा, पिरामल स्वास्थ्य के सुनील गोयल, एक्स-रे टेक्नीशियन बाबूलाल मालवीय, सी एच ओ और आशा कार्यकर्ता तथा सुरेंद्र खराड़ी उपस्थित थे।

आज सनातन धर्मसभा करेगी प्राधिकरण के संचालक मंडल का स्वागत

रतलाम। विकास प्राधिकरण के नव मनोनीत संचालक मंडल के अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी एवं गोविंद काकाणी तथा संचालक मंडल सदस्यों श्रीमती राखी व्यास, राजेन्द्र सिंह , धीरज व्यास, राजेन्द्र मौर्य एवं श्रीमती किरण महावर के अभिनंदन हेतु स्वागत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 10 मई को सायं 6.30 बजे श्री रामगोपाल मंदिर, गौशाला रोड, रतलाम में आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति, रतलाम द्वारा किया जा रहा है। सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी एवं महामंत्री नवनीत सोनी ने धर्मप्रेमीजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नव मनोनीत संचालक मंडल का स्वागत एवं अभिनंदन करने की अपील की है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अरिहंत परिसर व ऑफिसर कालोनी के नाले की सफाई

रतलाम। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों तथा नदी, नालो, तालाबों, कुएं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' संचालित किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद रतलाम द्वारा कमिश्नर नगर निगम अनिल भाना के नेतृत्व में अरिहंत परिसर व ऑफिसर कालोनी के नाले की सफाई की गई।

न कॉल, न ओटीपी...फिर भी खाते से उड़ाए लाखों

जीपीएफ से निकाली रकम पर साइबर ठगों की नजर, मोबाइल के रिमोट एक्सेस से वारदात की आशंका

- पटवारी के खाते से 2.93 लाख की साइबर ठगी
- वारदात से पुलिस और बैंक अधिकारी भी सकते में

पुलिस बैंक खातों और डिजिटल प्लेटफॉर्म की जुटा रही जानकारी

मामले की जांच औद्योगिक थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस उन बैंक खातों और डिजिटल प्लेटफॉर्म की जानकारी जुटा रही है, जहां यह रकम ट्रांसफर की गई। शुरुआती जांच में साइबर ठगी का तरीका काफी तकनीकी माना जा रहा है।

नवभारत न्यूज

रतलाम। साइबर अपराधी अब ठगी के ऐसे नए तरीके अपना रहे हैं, जिनसे आम लोग ही नहीं बल्कि बैंक और पुलिस अधिकारी भी हैरान हैं। शहर में एक पटवारी के साथ हुई साइबर ठगी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह रही कि पीड़ित के पास न कोई फर्जी कॉल आया, न किसी ने ओटीपी मांगा और न ही उन्होंने किसी अनजान व्यक्ति को बैंक संबंधी जानकारी दी, इसके बावजूद उनके खाते से करीब तीन लाख रुपये निकाल लिए गए।

जानकारी के अनुसार काटजू नगर निवासी एक पटवारी ने कुछ समय पहले पारिवारिक आवश्यकताओं के चलते अपने जीपीएफ खाते से 5 लाख रुपये निकाले थे। यह राशि एसबीआई की कलेक्ट्रेट शाखा स्थित खाते में जमा थी। इसी खाते को साइबर ठगों ने निशाना बना लिया।

बताया जा रहा है कि 27 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए खाते से रकम निकाली गई। पहले दिन 98 हजार रुपये, दूसरे दिन 97 हजार 1 रुपये और तीसरे दिन फिर 98 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। इस तरह कुल 2 लाख 93 हजार 1 रुपये खाते से गायब हो गए। पीड़ित को इसकी भनक तक नहीं लगी। 30 अप्रैल को जब उन्होंने नियमित रूप से बैंक बैलेंस चेक किया तब खाते से रकम कटने की जानकारी सामने आई। इसके बाद उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस को सूचना दी। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, मोबाइल में केवल भरोसेमंद एप ही इंस्टॉल करें और बैंक खाते से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत बैंक व साइबर हेल्पलाइन को दें। साथ ही मोबाइल की सिक्योरिटी अपडेट रखना भी जरूरी बताया गया है।

हैक कर हुई वारदात

साइबर जानकारों के अनुसार इस तरह की घटनाओं में कई बार मोबाइल फोन को रिमोट एक्सेस के जरिए हैक कर लिया जाता है। उपयोगकर्ता द्वारा किसी संदिग्ध लिंक, वेबसाइट या एप्लीकेशन पर क्लिक करते ही ठग मोबाइल तक पहुंच बना लेते हैं। इसके बाद वे चुपचाप बैंकिंग एप और मैसेज पर नजर रखते हैं तथा सही समय देखकर खाते से रकम ट्रांसफर कर देते हैं।

एडीएम डॉ. श्रीवास्तव ने किया हकीमी वेयर हाउस का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले में उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है । शनिवार को एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने एसडीएम आर्ची हरित के साथ हकीमी वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तौल कांटों का सत्यापन किया गया तथा किसानो से संवाद कर उपार्जन प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनगणना के कार्यों का भी किया निरीक्षण

जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 1 मई 2026 से किया जा रहा है। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से संपादित किए जाने हेतु अधिकारियों द्वारा जिले में निरीक्षण किया जा रहा है। एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव एवं एसडीएम आर्ची हरित ने ग्राम बंजली में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों, सुपरवाइजर एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं नागरिकों को जनगणना के लिए प्रगणको को सही-सही जानकारी देने के लिए जागरूक किया।

भक्ति-श्रद्धा से गूंजा महालक्ष्मी मंदिर परिसर

- श्री काला गौरा भैरूनाथ मंडल ने किया 12वें सुंदरकांड पाठ

नवभारत न्यूज

रतलाम। श्री आशापूर्ण हनुमान जी की प्रेरणा से श्री काला गौरा भैरूनाथ मंडल द्वारा 101 सुंदरकांड पाठ के संकल्प के तहत रविवार को पैलेस रोड स्थित महालवाड़ा के सामने श्री महालक्ष्मी मंदिर में 12वें सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया।

आयोजन श्री काला गौरा भैरूनाथ मंडल एवं श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। मंडल के शंकरलाल विश्वकर्मा ने बताया कि मंडल द्वारा जिले के विभिन्न मंदिरों में 101 सुंदरकांड पाठ आयोजित करने का संकल्प लिया गया है, जिसके अंतर्गत आयोजन किया। पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। महिला मंडल अध्यक्ष रजनी व्यास, हेमा व्यास, संध्या कोटिया, प्रीति व्यास, ब्रजबाला व्यास, अनिता व्यास, कुमुद व्यास, अर्चना जोशी, आशा ओझा सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्याएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में आरती कर प्रसादी का वितरण किया।

टैक्स प्रोफेशनल्स और उद्योग जगत का संगम

- कर सलाहकार परिषद सेमिनार में एआई और टैक्स सिस्टम पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

रतलाम। कर सलाहकार परिषद द्वारा शनिवार को शहर के अजंता पैलेस में एक भव्य एवं गरिमामय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रतलाम सहित जावरा, झाबुआ, पेटलावद, मंदसौर और नीमच से बड़ी संख्या में कर सलाहकार, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, अधिवक्ता, व्यापारी एवं उद्योगपति शामिल हुए।

मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं 'एसोसिएशन ऑफ रिटायर्ड जजेज ऑफ सुप्रीम कोर्ट एंड हाई कोर्ट ऑफ इंडिया' के राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति जे.के. रांका थे। मुख्य वक्ता के रूप में इंदौर के प्रख्यात कर विशेषज्ञ सीए राजेश मेहता ने आयकर रिटर्न फॉर्म और आयकर से जुड़े समसामयिक विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं डीपी ज्वेलर्स के संस्थापक रतनलाल कटारिया ने की। न्यायमूर्ति रांका ने कहा कि वर्तमान समय एआई का दौर है और इसका उपयोग आवश्यक भी है, लेकिन अनुभव, समझ और मेहनत का महत्व आज भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने टैक्स प्रोफेशनल्स से सामाजिक और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता सीए राजेश मेहता ने आयकर रिटर्न के विभिन्न फॉर्म्स और उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आयकर अधिनियम की धारा 139(1) के सातवें प्रावधान के तहत उन परिस्थितियों की जानकारी दी, जिनमें आय कर योग्य सीमा से कम होने पर भी आयकर रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य होता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में रतनलाल कटारिया ने कहा कि टैक्स व्यवस्था इतनी सरल और पारदर्शी होनी चाहिए कि लोग स्वेच्छा से टैक्स भुगतान के लिए प्रेरित हों।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। स्वागत उद्बोधन परिषद अध्यक्ष अशोक भंडारी ने दिया, जबकि संस्था परिचय परिषद सचिव राकेश भटेवरा ने प्रस्तुत किया। संचालन गौरव गांधी ने किया एवं अंत में उपाध्यक्ष अनिल जैन ने आभार व्यक्त किया।

रतलाम में पारा 44 डिग्री

रतलाम। जिले में भीषण गर्मी का दौर लगातार तेज होता जा रहा है। शनिवार को रतलाम में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान की ओर से आ रही गर्म और शुष्क हवाओं के कारण मालवा क्षेत्र में तपिश और अधिक बढ़ गई है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आया और लोग तेज धूप से बचने के लिए घरों में रहने को मजबूर हुए। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में एक बार फिर तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं का असर पूरे मध्यप्रदेश में दिखाई दे रहा है। सुबह से ही तेज धूप और उमस के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। बाजारों और प्रमुख मार्गों पर भी सामान्य दिनों की तुलना में कम आवाजाही नजर आई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री तक और बढ़ोतरी की संभावना जताई है।

किसान समय पर कर्ज जमाकर लें सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ

- पंजाब नेशनल बैंक सैलाना शाखा में कृषि कर्ज प्रस्ताव कार्यक्रम में बोले जनप्रतिनिधि

नवभार न्यूज

सैलाना। पंजाब नेशनल बैंक सैलाना शाखा द्वारा कृषि ऋण प्रस्ताव कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय शाखा परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष कैलाशी चारेल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार एवं नगर परिषद धामनोद के पार्षद ऊँकार निनामा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत बैंक शाखा प्रबंधक शालिनी शाह ने पुष्पमाला पहनाकर किया। स्वागत भाषण में उन्होंने बैंक की कृषि गतिविधियों एवं किसानों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कैलाशी चारेल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसानों को इन योजनाओं का सदुपयोग करते हुए समय पर ऋण अदायगी की प्रवृत्ति अपनानी चाहिए।

मुख्य अतिथि जगदीश पाटीदार ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक व्यापारी, किसान, मजदूर सहित हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है। किसानों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। बैंक के कृषि अधिकारी विजय इंगला ने किसानों से बैंक से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि बैंक किसानों की हर संभव सहायता के लिए सदैव उपलब्ध है। कार्यक्रम का संचालन सहायक शाखा प्रबंधक राहुल टांक ने किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम चौधरी, किशोर पाटीदार, देवीदास बैरागी, रतनलाल पाटीदार, नागुलाल पाटीदार, ऊँकारलाल पाटीदार सहित करिया, नारायणगढ़, धामनोद एवं सैलाना क्षेत्र के अनेक कृषक उपस्थित रहे। अंत में आभार कृषि अधिकारी विजय इंगला ने माना।

गौ सेवा-सामाजिक सरोकार आयोजनों में सदस्यों ने दिखाई सक्रियता

रतलाम। लघु उद्योग भारती, इकाई रतलाम द्वारा संगठन का 33वां स्थापना दिवस सामाजिक सेवा एवं जनहित के विविध कार्यक्रमों के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर इकाई के सदस्यों ने बडबड़ स्थित हनुमान मंदिर गौशाला पहुंचकर गौसेवा की तथा गायों को फल, सब्जियां, घास एवं रोटियां खिलाई।

कार्यक्रम में महापौर प्रहलाद पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने लघु उद्योग भारती द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती, इकाई रतलाम के संजय व्यास, अनिल सारडा, रोहित मालपानी, शैलेन्द्र सुरेखा, अचिंत पोरवाल, निलेश बोरदिया, रौनक चोपड़ा, अनिल चोपड़ा, राजेश राका, कुंदन सोनी, आदित्य वोहरा, विजय धनोतिया, रघुवीर सोलंकी, चंद्रप्रकाश सारडा एवं पलक धूत उपस्थित रहे। आयोजित आयुर्वेदिक पंचकर्म आयोजन में भी सदस्यों ने सहभागिता निभाई। लघु उद्योग भारती, इकाई रतलाम की ओर से महापौर प्रहलाद पटेल को कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन राजेश रांका द्वारा किया।

डायलिसिस सेंटर और सेवा तीर्थ का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

जावरा। दलोदा जैन दिवाकर रमेश संत सेवा तीर्थ में प्रज्ञा महर्षि पुज्य प्रवर्तक श्री रमेश मुनि जी व एकांतर तपधारी आगम मनिषी श्री वैभव मुनि जी के दिक्षा दिवस पर आयोजित इस गोरवमय समारोह को संबोधित करते हुए कांन्फ्रेंस ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष श्री रमेश भण्डारी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता व मंदसोर विधायक विपीन जैन आदि ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दलोदा जैन दिवाकर रमेश संत सेवा तीर्थ में चल रहे डायलिसिस सेन्टर में अब 12 डायलिसिस मशीन किडनी रोगियों की मात्र 300 रूपए में डायलिसिस सेवाएं प्रदान करेगी।

दर्शनार्थ आने वाले अतिथियों के भोजन की व्यवस्था के साथ संत सतियो के शुद्ध वेय्यावत्त की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। श्री भण्डारी ने कहा सेवा के इस एतिहासिक सेवा केन्द्र दलोदा को वरिष्ठ प्रवर्तक रमेश मुनिजी की अनुपम दिव्य कृपा बरस रही है। प्रवर्तक श्री विजय मुनि उपाध्याय डॉ गोतम मुनिजी अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ कुमुदलताजी आदि सभी संत सतियो ने अपने प्रेरक प्रवचनों में मानव सेवा को ही प्रभु सेवा बताते हुए उदारमन से सहयोग करने की प्रेरणा दी। भगवान महावीर स्वास्थ्य एवं डायलिसिस सेन्टर व जैन दिवाकर संत सेवा तीर्थ अध्यक्ष भण्डारी, राजु संचेती, अशोक मोगरा व शीशीर पटना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संचालन अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ कुमुदलता जी ने किया। गुरु देव की महामांगलिक व गौतम प्रसादी के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इनके सानिध्य में किया गया आयोजन

आल इंडिया जैन कांन्फ्रेंस ट्रस्ट बोर्ड दिल्ली के अध्यक्ष श्री रमेश भण्डारी की अध्यक्षता में व इन्दौर प्रेस्टीज ग्रुप के आनरलाला नेमीनाथ जैन डिपीन सौ का रणू जैन, मन्दसौर के समाजसेवी आनन्दी कोमल दुग्गड, डॉ राजुल चौधरी, राजेन्द्र डाकोलिया रोटरी क्लब के अध्यक्ष भुपेंद्र सोनी, महामंत्री कपिल भण्डारी, झोन अध्यक्ष संजय गोठि, अचल चौधरी इन्दौर, प्रकाश भटेवरा, आईं एम सेठिया चितौड़, राकेश मेहता, रवि बाफना इन्दौर आदि के मुख्य एवं विशिष्ट आतिथ्य में व श्रमण संघीय प्रवर्तक विजय मुनि, उपाध्याय डॉ गोतम मुनि उप प्रवर्तक अरूण मुनि, उप प्रवर्तक चन्द्रेश मुनि, आगम मनिषी वैभव मुनि व महासती अनुष्ठान आराधिका डॉ कुमुदलता, श्री गुरु प्रज्ञाजी आदि ठाणा चार के पावन सानिध्य में व सैकड़ों की संख्या में उपस्थित गुरु भक्तों की जयकारों के साथ भव्यता से सम्पन्न हुआ।

राम चंचलानी को मिला ग्लोबल लीजेड्स अवार्ड

जावरा। रवीन्द्र नाट्य मंदिर मुंबई में संस्था स्माईलिंग सोल द्वारा सिनियर्स टेलेंट गायन स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से 70 से 80 वर्ष आयु समूह के करीब 20 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसी स्पर्धा में जावरा के वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी राम चंचलानी ने भी सहभागिता कर गायन की मनमोहन प्रस्तुति दी। स्पर्धा में जावरा के राम चंचलानी विजेता रहे। संस्था द्वारा राम चंचलानी को ग्लोबल लीजेड्स 2026 अवार्ड से सम्मानित किया। वरिष्ठ समाजसेवी चंचलानी की सफलता पर ईष्ट मित्रों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

एक नजर में

पीड़ित का होगा सोमवार को मेडिकल, जिला न्यायाधीश के समक्ष होंगे कथन

जिला जेल में कैदी के साथ दुष्कर्म, न्यायालय ने दिए जांच के आदेश

नवभारत न्यूज

जावरा। । हाल ही में रतलाम जिला जेल से एक गंभीर मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी ने आरोप लगाया है कि उसके साथ जेल के ही एक अन्य कैदी ने कुकर्म (दुष्कर्म) किया है। पीड़ित कैदी ने जेल प्रशासन को शिकायत दी कि बैरक में मौजूद एक बंदी ने उसके साथ जबरदस्ती की। लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया।

आदेश के बाद जेल प्रशासन के भीतर मचा हड़कंप, मामले को दबाने का था प्रयास

जेल में उसके साथ हुई घटना की जानकारी जब पीड़ित ने उसके पिता को बताई तो पिता वकील के मार्फत न्यायालय की शरण में गए। न्यायालय ने तुरंत ही पीड़ित का मेडिकल बोर्ड से कराने और उसके कथन मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट रतलाम के समक्ष करने के आदेश दिए। आदेश के बाद जेल प्रशासन के भीतर हड़कंप मचा हुआ है। जेल प्रशासन ने भी आंतरिक जांच शुरू कर दी है ताकि सुरक्षा में चूक के कारणों का पता लगाया जा सके। जेलों में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए मानवाधिकार आयोग और जेल नियमावली के तहत सुरक्षा व्यवस्था और कैदियों की निगरानी के कड़े निर्देश होते हैं, फिर भी ऐसी घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। पूरा मामला यह है की जावरा शहर पुलिस थाने के द्वारा बनाए गए 8/18 एनडीपीएस के प्रकरण में 12 वीं क्लास के आरोपी जिसे कोर्ट द्वारा जिला जेल रतलाम भेजा गया था। जिला जेल रतलाम में उसके साथ उसी के बैरक में रहने वाले केदी ने ही प्राकृतिक कृत किया। जिसे जिला जेल प्रशासन द्वारा दबाने का प्रयास किया गया। लड़के ने बैरक में हुए घटनाक्रम जब अपने पिता को बताया तो उसके पिता अभिभाषक के साथ मिलने गए। तब जानकारी मिली कि उसके साथ गलत काम हुआ है। इस पर उसके पिता द्वारा कोर्ट में अपने वकील के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कोर्ट विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस द्वारा लड़के का तुरंत मेडिकल बोर्ड से और बोर्ड न बैठने की दशा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से परीक्षा कराई जाने के सख्त आदेश दिए। और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रतलाम के समक्ष उसके कथन करानें और रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

न मजिस्ट्रेट मिले न ही डॉक्टर

विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस का सुबह आदेश निकलते ही शनिवार शाम को जिला जेल प्रशासन आनन-फानन में पीडित को लेकर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के समक्ष कथन कराने पहुंचा। समय निकलने के चलते मजिस्ट्रेट नहीं मिल पाए। इधर बोर्ड से मेडिकल कराने के लिए जिला जेल प्रशासन जब जिला अस्पताल पीडित को लेकर पहुंचे तो यहां भी बोर्ड के सदस्यों और डॉक्टर शाम होने के चलते नहीं मिल पाए। अब पीडित का सोमवार को मेडिकल और न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उसके कथन होंगे।